महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)

प.सं. 26-17/2023(शै.)/मसारावेविप्र / 1613 दिनांक 29-01-2025

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान से सम्बद्ध राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्यालयों में वेद , सहयोगी विषय के साक्षात् उपस्थिति से साक्षात्कार कार्यक्रम

(ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार मान्य नहीं)

(यह साक्षात्कार पद पर नियुक्ति हेतु नहीं हैं, केवल मानदेय पर व्यवस्था हेतु चयन है)

प्रतिष्ठान के समसंख्यक **अधिसूचना संख्या 1607 दिनांक** 15-01-2025 के क्रम में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वीकृति अनुसार महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान चिन्तामण गणेश मार्ग पो. जवासिया उज्जैन (म.प्र.) द्वारा सम्बद्ध राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों (1) उज्जैन (2) द्वारका, गुजरात (3) पुरी, ओडिशा (4) गुवाहाटी, असम (5) श्रृंगेरी अथवा आसपास, कर्नाटक (6) बद्रीनाथ अथवा आसपास, उत्तराखण्ड में वेद, आधुनिक विषय अध्यापकों के लिए पूर्व में समाचार पत्र एवं प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर योग्य **अभ्यर्थियों** का साक्षात्कार साक्षात् उपस्थिति **(ऑनलाइन सम्परीक्षण मान्य नहीं)** से दिनांक 07 फरवरी से 10 फरवरी, 2025 तक आयोजित किए जाएंगे । साक्षात्कार कार्यक्रम इस प्रकार है :-

क्रसं.	सम्परीक्षण दिनांक	समय	वेद /शाखा / विषय
1	07-02-2025	प्रात: 10:00 से	ऋग्वेद शाकल शाखा
			कृष्ण यजुर्वेद तैत्तिरीय शाखा
			शुक्ल यजुर्वेद काण्व शाखा
			सामवेद कौथुम शाखा
2	08-02-2025	प्रात: 10:00 से	अथर्व वेद शौनक शाखा
			शुक्ल यजुर्वेद माध्यान्दिन शाखा
3	09-02-2025	प्रात: 10:00 से	संस्कृत
4	10-02-2025	प्रात: 10:00 से	गणित
			अंग्रेजी
			सामान्य विज्ञान
			सामाजिक विज्ञान

अभ्यर्थियों के अनुपालनार्थ निर्देश :

(1) समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है, कि प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थियों को अपनी आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव सम्बन्धी समस्त प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा एक स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित दिनांक पर प्रतिष्ठान कार्यालय, चिन्तामण गणेश रोड, उज्जैन में उपस्थित होना होगा ।

(2) साक्षात्कार के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव किसी भी प्रकार की असत्यता / संदेह होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रतिष्ठान के पास सुरक्षित रहेगा । इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का पत्राचार / दूरभाष मान्य नहीं किया जाएगा ।

29/1

निरन्तर....

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)

दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in

(3) जिन शाखा में प्रवीण हैं, उस शाखा के वेद मंत्रों को कंठस्थ सुनाना होगा तथा उस शाखा में विकृति पाठ का अध्ययन होने पर विकृति पाठ, उपनिषत् , ब्राह्मण, व्याकरण, प्रातिशाख्य आदि पूछे जाएंगे । विकृति पाठ नहीं होने की स्थिति में उस शाखा के समान स्तर के अन्य विषय पूछे जाएंगे ।

(4) आधुनिक विषय के अभ्यर्थी अपने-अपने विषय की पूर्ण तैयारी के साथ आएं । हिन्दी, अंग्रेजी तथा संस्कृत में भी विषयों को पढ़ाने का सामर्थ्य होना चाहिए । भारतीय ज्ञान प्रणाली (Indian Knowledge Systems) एक प्रमुख विषय है, इस पर भी ध्यान देना होगा ।

(5) वेद अध्यापक तथा अन्य विषयों के अध्यापक को संस्कृत भाषा में भी प्रावीण्य प्राप्त करना होगा ।

(6) समस्त राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों में अध्यापन के साथ छात्रावास में छात्रों को व्यक्तित्व विकास, छात्रावास व्यवस्था, यज्ञ, कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि में उत्तरदायित्व लेना होगा ।

(7) अभ्यर्थी द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया में चयन हेतु किसी भी प्रकार का प्रभुत्व, बाधा डालने, किसी विशिष्ट व्यक्ति से दूरभाष/ ईमेल/ पत्र के माध्यम से दबाव डालने की कोशिश करने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जाएगी ।

(6) शैक्षणिक/ गैर शैक्षणिक स्थानों पर चयन करने अथवा नहीं करने, विज्ञापन/सम्परीक्षण प्रक्रिया निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रतिष्ठान के पास सुरक्षित रहेगा ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सहायक निदेशक,(शैक्षणिक), मसारावेविप्र
(2) प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।
(3) संबंधित पत्रावली
(4) कार्यालय आदेश पत्रावली ।